बच्चों के लिए नाइटवियर (रात में पहनने के कपड़े)

अनिवार्य मानक बच्चों के नाइटवियर के लिए सुरक्षा परीक्षण और लेबलिंग तथा इन्हें बनाने के लिए कागज के पैटर्न तैयार करने की आवश्यकताएँ निर्धारित करता है।

मानक के बारे में

बच्चों के लिए नाइटवियर पर अनिवार्य मानक लागू होता है (आकार 00-14, जबतक अन्यथा न बताया जाए), जिसमें निम्नलिखित कपड़े शामिल हैं:

- पैजामा (चाहे ऊपर और नीचे के हिस्सों को एक-साथ बेचा जाए, या अलग-अलग बेचा जाए)
- आकार 3 - 14 के निटेड नाइटवियर ऑल-इन-वन
- आकार 00 - 14 के वोवन नाइटवियर ऑल-इन-वन
- 00-2 आकारों के लिए प्रमुखतःनिटेड ऑल-इन-वन कपड़े, जिन्हें पाइल या नैप वाले फैब्रिक से बनाया जाता है, या जिनमें पाइल या नैप वाले फैब्रिक शामिल होते हैं।
- नाइटड्रेस और नाइटी
- नाइटशर्ट
- ड्रेसिंग गाउन
- बाथरोब
- सामान्य रूप से नाइटवियर के रूप में उपयोग की जाने वाली ढीली स्टाइल की बॉक्सर शॉर्ट
- आस्तीन या खुली बाँह वाले शिशुओं के स्लीप बैग
- आस्तीन या खुली बाँह वाले कंबल और तौलिए

बच्चों के नाइटवियर बनाने के लिए अनिवार्य मानक में कागज के पैटर्न भी शामिल हैं। अनिवार्य मानक बच्चों के नाइटवियर के लिए सुरक्षा परीक्षण और लेबलिंग तथा इन्हें बनाने के लिए कागज के पैटर्न तैयार करने की आवश्यकताएँ निर्धारित करता है।

अपवाद

अनिवार्य मानक में निम्नलिखित प्रकार के कपड़े शामिल नहीं हैं:

- आकार 2 और इससे कम आकार के निटेड ऑल-इन-वन कपड़े, जिन्हें पाइल या नैप वाले फैब्रिक से नहीं बनाया जाता है, और जिनमें पाइल या नैप वाले फैब्रिक शामिल नहीं होते हैं
- वोवन ऑल-इन-वन डेवियर (दिन में पहनने के कपड़े)
- शरीर के आकार की फिटिंग स्टाइल वाले निटेड शॉर्ट या बॉक्सर शॉर्ट, जिन्हें सामान्य रूप से अंडरवियर के रूप में पहना जाता है

- टी-शर्ट, सिंगलेट, ट्रैक टॉप और इस प्रकार के कपड़े, जब इन्हें नाइटवियर के रूप में नहीं बेचा जाता है और ये नाइटवियर सेट का हिस्सा नहीं होते हैं
- कंबल और तौलिए, जिनमें आस्तीन या खुली बाँहें नहीं होती हैं
- हेडवियर, फुटवियर और हैंड-वियर
- शिशुओं के लिए स्लीप बैग, जिनमें आस्तीन या खुली बाँहें नहीं होती हैं
- सभी आकारों के स्लीपिंग बैग, जिन्हें सामान्य रूप से कैंपिंग के लिए प्रयोग किया जाता है
- बच्चे को लपेटने वाले कपड़े (बेबी रैप और स्वैडल)
- डिटैचेबल कैप, हुड, विंग, टूटू और इसी प्रकार की पोशाकें

अनिवार्य मानक

उपभोक्ता उत्पाद (बच्चों के नाइटवियर और सीमित डेवियर तथा बच्चों के नाइटवियर के लिए कागज के पैटर्न) सुरक्षा मानक 2017 में बच्चों के नाइटवियर के लिए अनिवार्य आवश्यकताएँ पाई जासकती हैं।

यह अनिवार्य मानक स्वैच्छिक ऑस्ट्रेलियाई और न्यू ज़ीलैंड मानक, एएस/एनज़ेडएस 1249: 2014, बच्चों के लिए नाइटवियर और आग लगने के कम खतरे वाले सीमित डेवियर पर आधारित है। एएस/ एनज़ेडएस 1249: 2014 एसएआई ग्लोबल से उपलब्ध है।

प्रमुख आवश्यकताएँ

इन आवश्यकताओं का उद्देश्य अनिवार्य मानक की रूपरेखा देना है। आपूर्तिकर्ताओं द्वारा इस जानकारी को अनुपालन के लिए एक संपूर्ण मार्गदर्शिका नहीं मानना चाहिए।

सुरक्षा श्रेणियाँ

बच्चों के लिए नाइटवियर (और कुछ डेवियर) को कपड़े या फैब्रिक के प्रकार के अनुसार चार श्रेणियों में वर्गीकृत किया गया है।

कुछ कपड़े इतने ज्वलनशील होते हैं कि इन चार श्रेणियों में से किसी भी श्रेणी के लिए उनका मिलान नहीं किया जा सकता है, इसलिए उन्हें लेबल नहीं दिया जा सकता है और उन्हें बेचा नहीं जाना चाहिए।

लेबलिंग

प्रत्येक श्रेणी के लिए लेबल आवश्यक होता है। श्रेणियों 1-3 के लिए आग के कम खतरे के लेबल की आवश्यकता होती है और श्रेणी 4 के लिए आग के ऊँचे खतरे के चेतावनी लेबल की आवश्यकता होती है।

आग के कम खतरे का लेबल



आग के ऊँचे खतरे का लेबल

श्रेणी 1

कम ज्वलनशीलता परीक्षण पास करने वाले फैब्रिक और ट्रिम्स से बने कपड़े। उदाहरणों में ऊन, कुछ सिंथेटिक कपड़े और कुछ भारी कॉटन के कपड़े शामिल हैं।

श्रेणी 2

तंग फिटिंग वाले कपड़े, जैसे पैजामा, आसानी से आग नहीं पकड़ते हैं या जलते नहीं हैं। इस कारण से उन्हें और अधिक ज्वलनशील फैब्रिक से बनाया जा सकता है। कपड़ों के माप आकार के अनुसार लागू होते हैं।

श्रेणी 3

शिशुओं के ऑल-इन-वन कपड़ों की अपनी श्रेणी होती है, क्योंकि उनके डेवियर और नाइटवियर में बहुत कम अंतर होता है। इस श्रेणी में आकार 00-2 के सभी ऑल-इन-वन कपड़े शामिल हैं, जैसे जंपसूट और रोंपर। यह निटेड फैब्रिक से बने कपड़ों के लिए अधिकाँशतः लागू होता है और जहाँ कपड़े का तंग हिस्सा इसके कुल सतही क्षेत्र का 80% या इससे अधिक होता है।

श्रेणी 4

उन कपड़ों के लिए लागू होती है जो श्रेणियों 1, 2 या 3 में नहीं आते हैं, लेकिन फिर भी कुछ फैब्रिक, आकार और ज्वलन परीक्षण आवश्यकताओं को पूरा करते हैं।

परीक्षण

अनिवार्य मानक यह सुनिश्चित करने के लिए परीक्षण निर्दिष्ट करता है कि बच्चों के लिए नाइटवियर आग के खतरों की आवश्यकताओं को पूरा करें। आपूर्तिकर्ताओं को विशेषज्ञ प्रयोगशालाओं के माध्यम से इस परीक्षण की व्यवस्था करनी चाहिए।

परीक्षण की आवश्यकताओं में निम्नलिखित शामिल हैं:

- फैब्रिक का प्रकार: बच्चों के नाइटवियर में इस्तेमाल किए जाने वाले फैब्रिक के प्रकार के लिए आग के खतरे की उपयुक्त श्रेणी निर्धारित करने के लिए परीक्षण आवश्यक हो सकता है।
- **फैब्रिक ट्रिम्स:** फैब्रिक ट्रिम्स को आग के खतरे की अलग-अलग श्रेणियों के तहत कुछ निश्चित आवश्यकताओं को पूरा करना ज़रूरी होता है।

कागज के पैटर्न के लिए सुरक्षा चिह्न

लेबलिंग

कागज के पैटर्न के लिफाफे में कुछ फैब्रिक और नाइटवियर स्टाइलों की ज्वलनशीलता के बारे में स्पष्ट और आसानी से पढ़ने योग्य चेतावनी होनी चाहिए।

मानक लेबल के टाइपफेस के लिए विनिर्देश निर्धारित करता है, जिसमें 'FIRE WARNING' शब्दों को बोल्ड और अंग्रेज़ी के बड़े अक्षरों में प्रदर्शित किया जाना निर्धारित किया गया है।

संक्रमण के दौरान अनिवार्य मानक का अनुपालन

वर्तमान के अनिवार्य मानक को नए अनिवार्य मानक में परिवर्तित करने में सहायता के लिए इस समय इसमें एक संक्रमण अवधि शामिल है।

31 दिसंबर 2019 तक, आपूर्तिकर्ताओं के पास उपभोक्ता उत्पाद (बच्चों के नाइटवियर और सीमित डेवियर तथा बच्चों के नाइटवियर के लिए कागज के पैटर्न) सुरक्षा मानक 2017 या व्यापार प्रथाएँ (उपभोक्ता उत्पाद सुरक्षा मानक (बच्चों के नाइटवियर और बच्चों के नाइटवियर के लिए कागज के पैटर्न) विनियमन 2007 में दी गई आवश्यकताओं का अनुपालन करने का विकल्प उपलब्ध होगा।

1 जनवरी 2020 से आपूर्तिकर्ताओं को केवल उपभोक्ता उत्पाद (बच्चों के नाइटवियर और सीमित डेवियर तथा बच्चों के नाइटवियर के लिए कागज के पैटर्न) सुरक्षा मानक 2017 की आवश्यकताओं का पालन करना होगा, जो बच्चों के नाइटवियर के लिए अनिवार्य आवश्यकताएँ निर्धारित करता है।

और अधिक जानकारी संघीय कानून रजिस्टर की वेबसाइट में दिए गए व्याख्यात्मक बयान में उपलब्ध है।

मैं...

- ईमेल अपडेट प्राप्त करना चाहता/चाहती हूँ
- न्यूज़लेटर का सदस्य बनना चाहता/चाहती हूँ
- असुरक्षित उत्पादों के बारे में शिकायत करना चाहता/चाहती हूँ